तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 13 दिसंबर 2024

14 40 से अधिक समितियों में एक भी बोरे का परिवहन नहीं जगह ...



13 ठगी की शिकार महिलाओं ने कहा...





# डौंडी तहसील में चार दिन से कामकाज ठप, तहसीलदार व बाबू नहीं होने से लौट रहे पक्षकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडी

तहसील कार्यालय डौंडी में पिछले चार दिनों से ना तहसीलदार है ना बाबू है। जिसके कारण लोगों को काम कराए बिना ही बैरंग लौटना पड़ रहा है। तहसील आफिस में कामकाज ठप हो गया है।

ज्ञात हो कि डोंडी के तहसीलदार हिंसा राम नायक का तबादला डोंडीलोहारा हो गया था। इसके बाद वे 6 दिसंबर को रिलीफ होकर डोंडीलोहारा चले गए। डौंडी के लिए गुरुर के तहसीदार हनुमंत श्याम पदस्थ किया गया है परंतु वे आज पर्यंत तक नहीं पहुंचे हैं। इसी तरह तहसीलदार के बाबू किशोर भारती का करीब 10 दिन पहले ही गुंडरदेही तहसील कार्यालय में स्थांनातरण हो गया है। वे भी यहां से रिलीफ हो कर चले गए हैं। उसके जगह गुंडरदेही तहसील कार्यालय के बाबू का ट्रांसफर डौंडी तहसील कार्यालय में किया गया है। परंतु वे ज्वाइनिंग के बाद छुट्टी में हैं। इस तरह डौंडी तहसील कार्यालय में 10 दिनों से लिपिक का पद खाली है। इस प्रकार तहसील कार्यालय का काम भगवान भरोसे चल रहा है। जिससे तहसील की संपूर्ण व्यवस्था चरमरा गई है। जिसके चलते दूरदराज से तहसील कार्यालय आने वाले नागरिकों को व्यर्थ में भटकना पड़ रहा है। उनका कोई कार्य नहीं हो पा रहा है। सबसे बड़ी समस्या पेशी आने वाले लोगों की है। जिन्हें अगली पेशी तारीख बताने वाला ही कोई नहीं है। तहसील कार्यालय में चरमराई व्यवस्था से आम नागरिकों में रोष व्याप्त हो रहा है।

## पेशी,नया आवेदन,सीमांकन व विवादित प्रकरण के पक्षकार घंटों इंतजार के बाद लौट रहे

### पेशी की तारीख नहीं मिल रही, जानकारी देने वाला भी नहीं

डौंडी निवासी युवक आशीष कुमार राजनांदगांव से अपने पेशी मामले में डौंडी तहसील कार्यालय पहुंचा था। नायब तहसीलदार एवं बाबू की अनुपस्थिति से उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ा। लेकिन अगला पेशी के असमंजस में वे डरे हुए दिखाई दिए। डौंडी नगर के राजेंद्र कुमार और सुनील राठौर अपना आवेदन देने आए हुए थे। जहां जिम्मेदारों की अनुपस्थिति से काफी भड़के हुए थे। उनका कहना था कि पिछले चार दिन से आवेदन देने तहसील का चक्कर लगा रहे हैं। यहां कोई जानकारी नहीं दे पा रहे है कि तहसीलदार व बाबू यहां कब बैठ पाएंगे। आम जनता पिछले चार दिनों से पेशी,नया आवेदन,सीमांकन व विवादित प्रकरण के पक्षकार आ रहे है और आकर वापस जा रहे हैं। निश्चित तिथि पेशी आने वाले ज्यादा भयभीत हो गए है कि




आवेदक नहीं आने से कही केस ही खारिज ना कर दें। ऐसे में पुनः नया आवेदन लगाने की परेशानी चिंता हो रही है। व्यापारी संघ अध्यक्ष तिलक दुबे,सचिव बसंत लोनहारे,कार्यकारिणी उपाध्यक्ष कमलेश कामले, कोषाध्यक्ष जगत यादव सदस्य शिवम सोनी ने कहा कि बालोद जिले के एकमात्र आदिवासी ब्लाक मुख्यालय तहसील में चार दिनों की ऐसी बड़ी लापरवाही से लोग परेशान हैं।

**व्यवस्था बनाएंगे**

डौंडी तहसील कार्यालय में तहसीलदार और बाबू नहीं होने की स्थिति जल्द सुधार ली जाएगी। जल्द ही व्यवस्था बनाएंगे, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो।

**आरके सोनकर**
**एसडीएम, डौंडी**

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक भैयाराम ने किया यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण



**गुरूर।** ग्राम चिरचारी अंतर्गत नेशनल हाईवे में विधायक निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत गुरुर ओंकार महमल्ला, उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर दुर्गु राम सिन्हा, सरपंच यशवंत पुरी गोस्वामी, भगवान दास मरचुरियन, पूर्व जनपद सदस्य चिरचारी ममता सिहारे एवं महिला कांग्रेस से लक्ष्मी, कामनी, चंद्रीका, ममता रावटे, बुथ अध्यक्ष दीनदयाल खरेन्द्र, खिलेश्वर साहू एवं ग्रामवासी चिरचारी उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन औषधि केन्द्र का आरंभ




**गुरूर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर के नए भवन में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का आरंभ किया गया, जिसमें अधिकारी कर्मचारी के साथ हितग्राही उपस्थित थे। स्वास्थ केन्द्र में जन औषधि केन्द्र खुल जाने के बाद अब मरीजों व उनके परिजनों को सस्ती दर पर दवाई उपलब्ध हो जाएगी, जिससे उन्हें महंगी दर पर दवाई खरीदनी नहीं पड़ेगी। वहीं अस्पताल में सस्ती दर पर दवाई उपलब्ध होने के कारण उनका समय व पैसे की बचत होगी, जिससे दवाई के लिए मरीजों व उनके परिजनों को भटकना नहीं पड़ेगा।

### जिला न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत लगाई जाएगी कल

**बालोद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को जिला न्यायालय परिसर बालोद में किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत सुबह 10.30 बजे से लगाई जाएगी, जिससे विवादों का निपटारा होगा।

### 64 योगिनी मंदिर निर्माण के लिए 64 गांवों से लेंगे आशीर्वाद और भिक्षा

**गुण्डरदेही।** मोक्ष धाम सेवा समिति की गुरुवार को बैठक ग्राम लिमोरा में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मोक्ष धाम सेवा समिति के तहत कामधेनु मंदिर अंतर्गत 64 योगिनी मंदिर निर्माण हेतु 64 गांवों से आशीर्वाद एवं भिक्षा ली जाएगी। इसके लिए सप्ताह में प्रत्येक शुक्रवार को अलग अलग गांव में भ्रमण किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इसका प्रारंभ शुक्रवार 13 दिसंबर से ग्राम लिमोरा के शीतला मंदिर में पूरे विधि विधान से पूजा पाठ कर प्रथम भिक्षा ली जाएगी। जिसके बाद ग्राम लिमोरा में भ्रमण किया जाएगा और ग्राम इरागुड़ा में समापन किया जाएगा।
ये रहे उपस्थितः बैठक में मुख्य रूप से गुरुदेव नाड़ी वैध बीरेंद्र देशमुख, दर्शन जैन, शिवेंद्र साहू, कुलेश्वर साहू, निजानंद चंद्राकर, कमलेश देशमुख, चिन्ता पटेल, खुमान सिंग देशमुख, युकेश चंद्राकर, मदन निषाद, रूपम देशमुख उपस्थित थे।

### उद्यान अधिकारी से मारपीट सफाई कर्मी निलंबित

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के सफाई कर्मचारी संतोष कुमार को उद्यान अधिकारी तुलेश्वर साहू के साथ गाली गलौज मारपीट करने के कारण निलंबित कर दिया गया है। सफाई कर्मी शराब पीकर ड्यूटी पर आकर काम नहीं करता था।

## समस्या: कंधे पर साइकिल रखकर पार करने की मजबूरी

# एक से दो राज्य हो गए पर 40 साल में नहीं बना नेवरीकला में तादुंला पर पुल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम नेवारीकला में तांदुला नदी में पुल निर्माण की मांग एक राज्य से दो राज्य होने के बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। लगभग 40 वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश के समय से की जा रही मांग छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 24 साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई। नदी में पानी ज्यादा होने पर लोग जिला मुख्यालय पहुंचने दोगुना ज्यादा 14 किमी का सफर तय करना पड़ता है। पानी कम होने पर लोग कंधे पर साइकिल आदि रखकर 7 किमी की दूरी तय करके जिला मुख्यालय पहुंच जाते हैं। पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

■ नदी में पानी ज्यादा होने पर करना पड़ता है जिला मुख्यालय पहुंचने 14 किमी का सफर

ग्राम नेवारीकला के तांदुला नदी पर पुल बनाने की मांग ग्रामीणों द्वारा पिछले 40 वर्षों ▸▸| शेष पेज 12 पर





### ग्रामीणों का सफर यू होता है तय



ग्राम में बरसात खत्म होने के बाद अब नदी का पानी धीरे धीरे खत्म होने लगा है। बरसात में नदी में बहुत पानी होने के कारण सायकल चालक जैसे तैसे कंधे में सामान व सायकल उठाकर नदी पार कर देते थे। लेकिन नदी में ज्यादा पानी होने के कारण मोटर सायकल चालक नदी पार नहीं कर पाते थे। मोटरसायकल व चारपहिया वाहन चालक नदी के रास्ते की जगह 14 किलोमीटर दूर से जिला मुख्यालय आना जाना कर रहे थे। लेकिन वर्तमान में नदी मे पानी कम होने के बाद अब दोपहिया वहन चालक पुनः नदी के रास्ते आना जाना प्रारंभ कर दिए है। गर्मी व बरसात आते तक नदी के रास्ते से ही 7 किलोमीटर से जिला मुख्यालय का सफर करना प्रारंभ कर दिये है। ग्राम के दुग्ध व्यापारी, कुम्हार, सब्जी व्यापारी, अन्य व्यवसाय से जुड़े व्यवसायी, छात्र छात्राएं, मजदूरी करने वाले लोग रोजाना अपने अपने कामों से जिला मुख्यालय आना जाना करते हैं। जिसके कारण उन्हें बरसात के दिनों में तांदुला नदी में पानी आ जाने पर 7 की जगह 14 किलोमीटर का सफल तय करना पड़ता है। इन्हीं दिक्कतों के कारण ग्रामीणों द्वारा पुल की मांग की जा रही है।

### पुल बन जाने से समय व धन दोनों की होगी बचत

ग्राम नेवारीकला के तांदुला नदी पर पुल बन जाने के बाद न सिर्फ नेवारीकला के ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी बल्कि बालोद से लोग सीधे 8 किलोमीटर में लाटाबोड़ से लगे टेकापार पहुंच सकेंगे। जिससे न सिर्फ ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों को लाभ होगा बल्कि आसपास ग्राम के लोग भी लाभान्वित होंगे। इससे लोगों का धन व समय की बचत होगी।

# गाली-गलौज करने वाले पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम पड़कीभाट में चन्द्रमणी साहू को बेवजह गाली गलौज करने पर सनौद थाने में देवेन्द्र साहू के खिलाफ धारा 296 बीएनएस, 351(2) बीएनएस तहत मामला दर्ज किया गया है।

मामले में प्रार्थी ने बताया है कि गुरुवार को सुबह 11.30 बजे वह शैलेन्द्र कुमार यादव के घर के पास ट्रैक्टर लेकर गया था। उस दौरान शैलेन्द्र यादव के पड़ोसी देवेन्द्र साहू ने ग्राम पड़कीभाट शैलेन्द्र यादव के घर के सामने गली आम जगह में मुझे देखकर गाली कर धमकी दी। जिसके बाद वहां से चला गया। दोपहर 12.30 बजे वह पुनः ट्रैक्टर में जो लकडी भरा था, उसे लाने के लिए गया। तब दोबारा देवेन्द्र साहू ने मुझे गाली गलौज धमकी दी है।

# डौंडी के एक स्कूल से हुआ 10 हजार का सामान पार

हरिभूमि न्यूजःबालोद



अज्ञात चोरों ने रात को डौंडी के एक स्कूल के अंदर घुसकर लगभग 10 हजार रुपए का सामान पार कर दिया है। घटना 30 नवंबर की है। मामले मे 11 दिसंबर को अपराध कायम किया गया।

मामले में शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडी के व्याख्याता ने जानकारी दी है कि 30 नवंबर को सुबह करीबन 11 बजे स्कूल बंद करके सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारी अपने अपने घर चले गये, 1 दिसंबर को शासकीय अवकाश था। 2 दिसंबर को 10 बजे स्कूल आने पर देखा गया कि स्कूल के अंदर की कक्षाओं में लगे सिलिंग पंखा 5 नग, लैपटाप टेबल 5 नग एवं स्कूल स्टाफ द्वारा बनाइ गई एक नग लोहे की सीढ़ी, स्टाफ रूम में लगे 2 नग पर्दा की चोरी हो गई थी। डौंडी थाने में 11 दिसंबर को अज्ञात चोर के खिलाफ 305 बीएनएस, 331 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### अनुपस्थितों को नोटिस जारी करने चंद्राकर ने निर्देश दिए

# जीवनदीप समिति निकुम की बैठक में नहीं पहुंचे अफसर, विधायक नाराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/निकुम

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति गठन के बाद पहली बैठक हुई। जिसमें कई विभाग के संबधित अधिकारी नहीं पहुंचने से विधायक चन्द्राकर ने नाराजगी करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

सीएसी निकुम, रिसाली व उतई सहित सभी 11 पीएससी में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मरीजों को देने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों व शहरी क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य, इलाज, दवाई सहित सुविधाओं का लाभ सीधे मिले। कर्मचारी समय पर डयूटी करें, लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निकुम अस्पताल में नये केज्वुलिटी, कैंटिन सुविधा, स्टाप को ड्रेस कोड, नेम प्लेट सहित अस्पताल में साफ सफाई ठीक ढंग से हो।

**बेहतर इलाज की सुविधा दे रहेः** खण्ड चिकित्सा अधिकारी निकुम डॉ .एनएल.बंजारे ने अस्पताल कहा कि पहले से ओपीडी बढ़ा गई है व बेहतर इलाज सुविधा मिल रही है। बैठक में प्रतिनिधिगण भैय्यालाल, पंचराम देशमुख, सुरेश साहू, सरंपच निकुम मुक्ति सुधाकर सहित स्टाफ मौजूद रहा।




### कर्मचारियों का वेतन 10 प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव

जेडीएस सदस्य माधव प्रसाद देशमुख ने कहा जीवनदीप समिति में कार्यरत कर्मचारी की वेतन में 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ाने का प्रस्ताव किया। वही सदस्य रोशन देशमुख ने कि सीएचसी निकुम में संजीविनी एक्सप्रेस अंडा व दुर्ग से आती है। वही क्षेत्र में लगातार हादसे हो रहे हैं। समय परमरीजों का समुचित इलाज मिले इसलिए 108 की सुविधा निकुम में हो। निकुम अस्पताल में कई सुविधाओं का विस्तार करने की बात समिति में हुई।

# पिकअप-बोलेरो में टक्कर, वाहन पलटा

## बड़ा हादसा टला, कोई हताहत नहीं




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम मालीघोरी के पास एक पिकअप- बोलेरो में टक्कर हो गई। टक्कर से वाहन सड़क किनारे नाले में जा पलटा। एक बड़ा हादसा टल गया, वाहन के दोनों सवार सुरक्षित हैं। मिली जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन डौण्डीलोहारा की ओर से ग्राम मालीघोरी आ रहा था। इसी बीच पीछे से आ रही बोलेरो ने पिकअप को टक्कर मार दी। जिससे पिकअप वाहन सड़क से लगे नाले मे गिरकर पलट गया।

बताया जा रहा है कि पिकअप मे दो लोग सवार थे। दोनों को मामूली चोटे आईं हैं तथा दोनों सुरक्षित हैं। वही पिकअप में धान के कुछ बोरे भरे होने के कारण अनुमान लगाया जा रहा है कि वाहन मंडी से आ रहा था। वही बोलेरो का चालक पिकअप को टक्कर मारने के बाद घटनास्थल पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। पिकअप ग्राम मालीघोरी की बतायी जा रही है।

## सामाग्री के साथ संवेदना की भी इनको है दरकार : गोलछा

# 'घरौंदा' की बच्चियां सामान पाकर खुशी से खिल उठीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला स्थित घरौंदा में 25 अनाथ एवं मानसिक रूप से विकलांग लड़कियां रहती हैं, उनकी देखरेख एवं परवरिश शासन स्तर पर की जा रही है। इन बच्चों को भी स्नेह की दरकार होती हैं, इस बात को समझने वाले कई लोग समय समय पर उनके निवास घरौंदा में जाकर उनकी जरूरत की सामान, खाने पीने की वस्तुएं ले जाकर देते है। इससे उनकी प्रसन्नता बढ़ती है।

■ 25 अनाथ एवं मानसिक रूप से विकलांग बच्चियों को दिया सामान



**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर स्वरूप गोलछा, राजकुमार गोलछा, प्रमोद गोलछा, रिंकू गोलछा, गौरव गोलछा, प्रदीप चोपड़ा, दीपक मित्तल, अखिल साहू, सरिता गोलछा, सुनीता गोलछा, सोनल गोलछा उपस्थित थे।

बच्चियों की खुशी देखकर वहां सहयोग के लिए आये लोगों को भी आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है। ऐसे ही एक समाजसेवी रूपचंद गोलछा एवं उनके परिजनों ने सभी के लिए कपड़े फल सामग्री का वितरण कर इस अनुभूति को साझा किया। उन्होंने बताया कि वहां पहुचने पर बच्चों ने अभिवादन किया, सामग्री मिलने पर धन्यवाद दिया, गाना गाकर सुनाए। वहां उनसे मिलने पर ऐसा महसूस होता है कि उन्हें सामग्री के साथ ही संवेदना की भी आवश्यकता होती है क्योंकि वे हमेशा चारदीवारी में रहते है। प्रेमपूर्ण व्यवहार पाकर वे अत्यंत खुश दिखाई देती हैं।

### सट्टा-पट्टी लिखते एक गिरफ्तार, 350 नकद बरामद

**बालोद।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को सट्टा खिला रहे लाटाबोड़ निवासी अरविंद दास 26 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी हीरापुर जाने के पुल से लगे श्मशान घाट गेट के पास अवैध रूप से रुपए पैसों से अंकों पर दांव लगाकर हार जीत का सट्टा– पट्टी लिख रहे थे। आरोपी के पास से सट्टा- पट्टी के साथ 350 रुपए नकद बरामद किया है।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप




### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, रोक लगाने शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे गुट छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर के गांधी मैदान से हिंदुओं पर अत्याचार बंद हो, बंद हो आदि नारों के साथ रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित कार्यवाही की मांग की गई। इस मौके पर शिवसेना के प्रदेश प्रवक्ता संजय नाग ने बताया कि पूरे प्रदेश के शिवसैनिकों ने संबंधित जिले के कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिस पर कलेक्टर ने प्रधानमंत्री को तुरंत फारवर्ड करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में सुनील कुकरेजा, एचएन सिंह पालीवार, संजय नाग, बल्लू जांगड़े, समीर पाल, संतोष मार्कंडेय, विजय नाग, दुर्गेश शर्मा, सुरेश तिवारी, शिव लिमजे, प्रमोद साहू, हरीश यादव आदि शामिल थे।

### सुशांत बने कालीबाड़ी समिति के उपाध्यक्ष

**रायपुर।** बंगाली कालीबाड़ी समिति के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर समाजसेवी सुशांत बोस का बुधवार को भाजपा नेता राजकुमार राठी, किशोर नायक, सुब्रत घोष, उमेश मालेवर, भंवरलाल सेन, राजेश जीवनणी द्वारा आतिशबाजी कर फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

### भूगोल प्रायोगिक के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 19 को

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की सत्र 2024-25 की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा के अंतर्गत भूगोल विषय के बीए एवं बी-कॉम प्रथम सेमेस्टर की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 19 दिसंबर को सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। यह जानकारी दुर्गा महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष ने देते हुए बताया कि सभी विद्यार्थी समय में आकर इस परीक्षा में शामिल होंगे।

### संपत्ति विरूपण करने पर जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 7 नगर निवेश टीम ने बुधवार को कोटा मार्ग में क्रेस्ट ग्रीन के पास शासकीय संपत्ति का विरूपण करने पर श्रीराम सेवा सदन गर्ल्स हॉस्टल महोबा बाजार के संचालक को नोटिस देते हुए 10 हजार रूपये का जुर्माना किया है। विद्युत पोल में प्रचार संबंधी विज्ञापन लगाए जाने पर जोन की टीम ने नियम अनुसार जुर्माना किया।

## पेज 11 के शेष

### एक से दो राज्य हो ...

से की जा रही है। ग्रामीणो द्वारा की जा रही यह मांग को 40 सालों में कई सरकार बदल जाने के बाद भी पूरी नही हो पाई है। पुल के लिए कई माध्यमों से ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों ने पुल बनाने की मांग की। पिछली कांग्रेस सरकार में ग्रामीणों की मांग पर बजट में पुल निर्माण के लिए राशि पास होने की बात सामने आई थी। लेकिन पिछले सरकार के बजट में आने के दो साल बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों की मांग का कोई प्रतिफल सामने नहीं आया। इससे ग्रामीणों में फिर कई तरह की चर्चाएं हैं।

# छत्तीसगढ़ महाविद्यालय पहुंची नैक, पुरानी पद्धति से मूल्यांकन कराने वाला यह अंतिम कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में नैक टीम का दौरा बुधवार से प्रारंभ हो गया। दो दिवसीय दौरे के बाद नैक टीम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय को नवीन ग्रेडिंग प्रदान करेगी। यदि निर्धारित समय पर नैक मूल्यांकन का नया सिस्टम लागू हो जाता है, तो यह जिले का अंतिम कॉलेज होगा, जिसे पुरानी पद्धति से नैक ग्रेडिंग दी जा रही है। अब तक नैक मूल्यांकन के लिए तीन सदस्यीय टीम महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालयों में निरीक्षण के लिए आती रही है। उनके द्वारा दिए जाने वाले अंकों के आधार पर ही संबंधित संस्थान की नैक ग्रेडिंग तय होती है।

- नैक मूल्यांकन के नए कॉन्सेप्ट में टीम का दौरा खत्म

नए नियम में निरीक्षण संबंधित इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। इसके स्थान पर शैक्षणिक संस्थानों को अपनी सभी उपलब्धियां और उसके सत्यापन संबंधित दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। ऑनलाइन दी जाने वाली इस जानकारी के आधार पर ही संस्थानों की नैक रैंकिंग तय होगी। छग महाविद्यालय में नैक टीम का दौरा नवंबर माह में होना था, लेकिन विधानसभा उपचुनाव की तिथियों को देखते हुए इसे स्थगित किया गया था। बाद में नवंबर अंत की अस्थायी तारीख दी गई थी। इसे भी रद्द करते हुए दिसंबर का समय तय किया गया।

## अब केवल ऑनलाइन सब्मिट की गई रिपोर्ट के आधार पर मिलेंगे अंक

### दुर्गा महाविद्यालय कतार में

वर्तमान शैक्षणिक सत्र में महंत महाविद्यालय में नैक टीम निरीक्षण के लिए आई थी। महाविद्यालय को बी ग्रेड प्रदान किया गया था। शहर के बड़े महाविद्यालयों में दुर्गा कॉलेज की भी नैक ग्रेडिंग दिसंबर के पूर्व होनी थी। सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट जमा करने में हुए विलंब के कारण यहां नैक टीम अब तक नहीं की सकी है। अंदरूनी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यहां नए पैटर्न से नैक मूल्यांकन कराए जाने की संभावना है।




### पखवाड़े भर पहले बदले गए प्राचार्य

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.अमिताभ बनर्जी का तबादला करते हुए उन्हें साइंस कॉलेज का प्रभार कुछ दिनों पूर्व ही दिया गया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नैक मूल्यांकन के कुछ दिन पूर्व ही इस बड़े बदलाव का असर महाविद्यालय के प्रस्तुतिकरण पर भी पड़ सकता है। नैक निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय द्वारा प्रेजेंटेशन दिया जाता है। पूर्व प्राचार्य द्वारा कोरोना काल से ही नैक ग्रेडिंग की तैयारी शुरू कर दी गई थी। लॉ कोर्स, लाइब्रेरी अपग्रेडेशन, मल्टीपल सब्जेक्ट च्वॉइस सहित कई बदलाव इस दौरान महाविद्यालय में किए गए। इसका लाभ महाविद्यालय को ग्रेडिंग में मिल सकता है। वर्तमान में महाविद्यालय के पास बी ग्रेडिंग है।

## सरकारी कोटे से दाखिला दिलाने का झांसा देकर की ठगी

# मेडिकल कालेज में दाखिला दिलाने के नाम पर 35 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवेंद्र नगर थाना में धमतरी के एक युवक ने मेडिकल कालेज में सरकारी कोटे से दाखिला दिलाने का झांसा देकर दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ के चार लोगों के खिलाफ 35 लाख रुपए ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ठगी के शिकार छात्र ने पुलिस को बताया है कि जांजगीर-चांपा के जालसाज ने दो साल झांसे में लेने के बाद दिल्ली के दो तथा एक अन्य के साथ मिलकर उसे ठगी का शिकार बनाया।

- दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ के चार जालसाजों के खिलाफ अपराध दर्ज

सूर्यकांत प्रजापति ने पुलिस को बताया है कि वह वर्ष 2016 में भिलाई स्थित सचदेवा कोचिंग में कोचिंग करने गया था। इस दौरान सूर्यकांत की मुलाकात जांजगीर-चांपा निवासी सलामुद्दीन शेख से हुई। सलामुद्दीन ने सूर्यकांत को वर्ष 2017 में अपने पहचान वालों की मदद से मेडिकल कालेज में दाखिला दिलाने का झांसा दिया। सलामुद्दीन की बात का सूर्यकांत ने ध्यान नहीं दिया। वर्ष 2018 में सलामुद्दीन ने सूर्यकांत को सरकारी कोटे से मेडिकल कालेज में दाखिला दिलाने का झांसा दिया। इस पर सूर्यकांत झांसे में आ गया। झांसे में लेने के बाद सलामुद्दीन सूर्यकांत तथा उसके अन्य साथियों को अन्य से मिलवाने अपने साथ दिल्ली ले गया।



### परीक्षा फर्जीवाड़ा गैंग के जाल में फंसा छात्र

सूर्यकांत ने पुलिस को बताया है कि वर्ष 2020 में सलामुद्दीन ने उसे पंच लाख रुपए देने पर मेडिकल में दाखिला दिलाने का झांसा दिया। इस पर सूर्यकांत ने सलामुद्दीन के अकाउंट में पैसा ट्रांसफर किया। रकम ट्रांसफर होने के बाद सलामुद्दीन ने सूर्यकांत से उसके दस्तावेज हासिल कर कहा कि परीक्षा में उसकी जगह कोई दूसरा छात्र बैठेगा। नीट का परिणाम जारी होने पर सलामुद्दीन ने सूर्यकांत को 560 रैंक आने की जानकारी दी।

### फर्जीवाड़ा गैंग ने 30 लाख रुपए मांगे

सूर्यकांत के अनुसार दिल्ली ले जाने के बाद सलामुद्दीन ने उसकी तथा उसके साथ गए अन्य लड़कों की पहचान अपने सीनियर भिलाई निवासी राघवेंद्र से करवाई। राघवेंद्र ने चारों छात्रों की मुलाकात दिल्ली के अपने सीनियर अनिश जैन तथा मुकुल जैन से कराई। अनिश तथा मुकुल ने चारों छात्रों को पूर्ण एडमिशन दिलाने के एवज में 30 लाख रुपए मांगे। रकम ज्यादा होने पर छात्र लौट आए।

### एडमिशन पाने कर्ज लेकर पैसे जुटाए

सूर्यकांत के अनुसार पूर्व में रकम देने के बाद सलामुद्दीन ने उसे राघवेंद्र तथा अन्य को पुलिस द्वारा ट्रैप किए जाने की जानकारी दी। वर्ष 2022 में सलामुद्दीन ने सूर्यकांत को पुनः भिलाई बुलाया। इसके बाद सलामुद्दीन ने सूर्यकांत की राघवेंद्र से पुनः मुलाकात करवाई। मुलाकात के बाद राघवेंद्र ने पुराने पैसों की वापसी का झांसा देकर नए सिरे से सूर्यकांत को मेडिकल में दाखिला दिलाने का झांसा देकर पैसों की मांग की। पिता के विरोध के बाद भी सूर्यकांत पैसे देने पर अड़ा रहा, तो उसके पिता ने अपने परिचितों से कर्ज लेकर पैसों की व्यवस्था कर जालसाजों को दे दिया। झांसा में लेने के लिए सलामुद्दीन ने सूर्यकांत के साथ पूर्व में मिलने आए छात्रों के साथ बात कराई। छात्रों ने सलामुद्दीन द्वारा उनके मेडिकल में दाखिला कराने की जानकारी दी। इसी झांसे में आकर सूर्यरकांत दूसरी बार ठगी का शिकार हुआ।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर 30 करोड़ की जमीन का तीन करोड़ में सौदा

- प्रिंटिंग प्रेस संचालक ने महिला को नकली भू स्वामी बनाने, दस्तावेज तैयार करने पैसों का दिया लालच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चंदनीडीह स्थित 30 करोड़ रुपए कीमत की चार एकड़ जमीन का तीन करोड़ रुपए में सौदा कर 10 लाख रुपए ठगी करने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने एक प्रिंटिंग प्रेस संचालक को फर्जी दस्तावेज तैयार करने तथा एक महिला को नकली भू-स्वामी बनने पैसों का लालच देकर अपने झांसे में लिया। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है।

- रायपुर, बिलासपुर, गरियबांद से नौ लोगों को पुलिस ने ठगी के आरोप में किया गिरफ्तार

बिलासपुर निवासी गणेश बोले ने पुलिस को बताया है कि बिलासपुर के रहने वाले रूपेश धनकर उर्फ राजा सिंह ने उससे संपर्क कर रायपुर चंदनीडीह में बेशकीमती जमीन कौड़ियों के मोल पर बिकने का झांसा दिया। इसके बाद उसने कथित जमीन मालिक मंजू देवी अग्रवाल से मुलाकात करवाकर जमीन का तीन करोड़ रुपए में सौदा किया। जमीन का सौदा होने के बाद पांच लाख रुपए बयाना लिया। बयाने की रकम को रूपेश, फर्जी जमीन मालिक चेतना ठाकुर तथा प्रकाश यादव ने आपस में बांट लिया।

### शातिराना अंदाज में की ठगी

पुलिस के अनुसार गरियाबंद निवासी हरिशंकर सिन्हा, अमन वर्मा उर्फ किशोर देवांगन ने चेतना ठाकुर को नकली भू-स्वामी बनने पैसों का लालच दिया। इसके बाद गरियबंद के प्रिंटिंग प्रेस संचालक अमित कुमार राकेश कंसारी के साथ मिलकर अपने प्रेस में फर्जी दस्तावेज तैयार कर पट्टा में मूल भू-स्वामी की जगह चेतना ठाकुर को भू-स्वामी बनाया। जालसाजों ने चेतना के नाम से फर्जी पैन कार्ड, किसान पत्र के साथ आधार सहित फर्जी बैंक अकाउंट तक बना डाले।

### फर्जीवाड़ा के पहले इन लोगों ने ओरिजनल दस्तावेज की कॉपी जुटाई

अमलीडीह निवासी अरुण कुमार सरोज ने तेलीबांधा निवासी नरेंद्र राजपूत के साथ मिलकर मंजू देवी से संपर्क कर उनकी जमीन संबंधित दस्तावेज हासिल कर भूमि के बारे में जानकारी एकत्रित की। जानकारी एकत्रित करने के बाद अमित को फर्जी दस्तावेज तैयार करने जानकारी उपलब्ध कराई। जालसाजों ने गणेश से पांच लाख रुपए अपने अकाउंट में आरटीजीएस भी कराए थे। इस तरह जालसाजों ने शातिराना अंदाज में जमीन बिक्री करने के नाम पर 10 लाख की ठगी की।

# राइस मिलों में नाबालिगों से कराया जा रहा था श्रम, 9 रेस्क्यू किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र में संचालित 3 राइस मिलों से 9 नाबालिगों को रेक्स्यू किया गया है। इनमें 7 बालक एवं 2 बालिका शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास अंतर्गत गठित जिला बाल संरक्षण इकाई, राजस्व विभाग, श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को कई राइस मिलों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को 3 राइस मिल आरके राइस टेक प्राइवेट लिमिटेड, ग्रो एग्रो फूड्स एवं अंबिका राइस मिल में बालक श्रम करते मिले। इस पर एक्शन लेते हुए टीम ने मिलों के संचालकों के विरुद्ध बालश्रम अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए सभी बाल श्रमिकों को रेस्क्यू करते हुए उन्हें बाल आश्रम एवं खुला आश्रय गृह भेजा।

- बाल संरक्षण इकाई, राजस्व श्रम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई



### सूचना पर संयुक्त टीम गठित कर किया निरीक्षण

महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचना मिली थी कि विधानसभा थाना क्षेत्र में संचालित कुछ राइस मिलों में बालकों से श्रम कराया जा रहा है। इस सूचना पर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के साथ राजस्व विभाग, श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने राइस मिलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आरके राइस टेक प्राइवेट लिमिटेड में 1 बालक और 2 बालिका, ग्रो एग्रो फूड्स में 4 बालक एवं अंबिका राइस मिल में 2 बालक श्रम करते पाए गए। इस तरह राइस मिलों में 9 नाबालिग बालश्रम में संलग्न मिले। रेस्क्यू किए गए बच्चों में 2 बालिकाओं को खुला आश्रय गृह में रखा गया है, वहीं बालकों को बाल आश्रम भेजा गया है।

### इसके तहत की जाएगी कार्रवाई

इस मामले में नाबालिगों से श्रम कराने वाले मिलरों के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम 2015, भारतीय न्याय संहिता 2023, बालक एवं कुमार श्रम अधिनियम 1986 संशोधित 2016 की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध करने की तैयारी की जा रही है।

### 9 बच्चों को किया गया रेस्क्यू

3 राइस मिलों में निरीक्षण के दौरान 9 बच्चों को रेस्क्यू किया है। इन सभी बच्चों से मिलों में श्रम कराया जा रहा था। रेस्क्यू कर बच्चों को आश्रम भेजा गया है, वहीं मिलरों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई करने की प्रक्रिया की जा रही है। *- संजय निराला, संरक्षण अधिकारी, गैर संस्थागत देखरेख*

# हसदेव एक्सप्रेस में युवक ने लगाई फांसी, चार दिनों से था लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर से कोरबा जाने वाली हसदेव एक्सप्रेस में नागपुर सुदर्शन नगर के 24 वर्षीय यश रोशन नन्हेत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दुर्ग से ट्रेन जब धुलाई के बाद रायपुर के प्लेटफार्म नंबर 3 पर पहुंची, तब सफाई कर्मचारी ने जरनल कोच की सीट पर युवक का लटका हुआ शव देखा। इसके बाद तत्काल जीआरपी और आरपीएफ को इसकी जानकारी दी गई। दूसरी ओर ट्रेन में आत्महत्या की खबर मिलने पर स्टेशन में हड़कंप मच गया। हसदेव में सफर करने वाले यात्री भी उस कोच में सफर करने से दूरी बनाने लगे। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मुताबिक ट्रेन जब दुर्ग से रायपुर के लिए रवाना हुई, उसी बीच युवक ट्रेन में चढ़ गया था। दोनों तरफ का दरवाजा बंद कर सीट पर कपड़े से फांसी का फंदा बनकर आत्महत्या कर ली। युवक ट्रेन में कब और कैसे चढ़ा, इसकी जांच करने दुर्ग जीआरपी भी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। यह पूरी घटना शाम 4 बजे की बताई जा रही है।

- ट्रेन के जनरल कोच की सीट पर मिला युवक का लटका हुआ शव



### चार दिनों से घर नहीं पहुंचा था युवक

युवक की पहचान पर्स में रखे जरूरी कार्ड से हुई है। घटना के बाद जीआरपी युवक के मामा को आत्महत्या की जानकारी दे चुकी है। जीआरपी के मुताबिक युवक के मामा ने बताया कि यश बीते चार दिनों से घर नहीं पहुंचा है, जिसकी खोज घर वाले भी नागपुर में कर रहे थे। जानकारी के बाद मृतक के घर वाले रायपुर के लिए निकल चुके हैं, जिसके बाद आत्महत्या की मुख्य वजह पता चलेगी। बता दें कि मृतक प्राइवेट जॉब करता था। जीआरपी हर पहलू पर इसकी जांच शुरू कर चुकी है।

# भक्तिन माता राजिम की जयंती पर निकलेगी भव्य बाइक रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साहू समाज की आराध्य देवी भक्तिन माता राजिम की जयंती 7 जनवरी को धूमधाम से मनाई जाएगी। साहू समाज के लोग जयंती के एक दिन पहले रायपुर से राजिम तक भव्य बाइक रैली निकाली। यह रैली तेलघानी नाका चौक से प्रारंभ होगी, जो राजिम में समाप्त होगी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने बताया कि भक्तिन माता राजिम की जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए बुधवार को रायपुर के भामाशाह छात्रावास में बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में राजिम जयंती के एक दिन पहले आयोजित होने वाले बाईक रैली को लेकर चर्चा हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। पवन साहू ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजिम जयंती के अवसर पर भव्य बाइक रैली युवा प्रकोष्ठ निकालेगा। यह रैली तेलघानी नाका चौक से प्रारंभ होकर राजिम में समाप्त होगी। इस रैली में प्रकोष्ठ से जुड़े प्रदेशभर से युवा कार्यकर्ता शामिल होंगे।

बैठक के माध्यम से पवन साहू ने प्रदेश के सभी साहू समाज के लोगों से राजिम जयंती के दिन अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की, जिसे पदाधिकारियों ने समर्थन दिया है।

कांग्रेस पार्षद दल ने लगाया आरोप, जिला कलेक्टर से की शिकायत

# तालाब और नहर किनारे जमीन वालों से भरवाया जा रहा पीएम आवास 2.0 का फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस पार्षद दल के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से मुलाकात की। कांग्रेसी पार्षदों ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में अपात्र लोगों से फार्म भरवाया जा रहा है। ऐसे लोग जिनकी तालाब व नहर किनारे जमीन है, उनसे फार्म भरवाया जा रहा है, जबकि नियम के तहत ऐसी जमीन पर किसी भी तरह के निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती।

- महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

कांग्रेस पार्षद दल ने जिला कलेक्टर से कहा कि जिनके पास पट्टा नही है, ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास उपलब्ध कराने धड़ल्ले से नियम विपरीत जाकर फार्म भरवाने में जन प्रतिनिधि लगे हुए हैं। जिनका पट्टा वैध है, उन्हें आवास बनाने की अनुमति देने में कोई आपत्ति नहीं है। पार्षदों ने कहा कि जाति प्रमाणपत्र बनाने में भी अड़ंगा लगाया जा रहा है, जिससे आवेदक परेशान हो रहे हैं। महापौर एजाज ढेबर, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सभापति प्रमोद दुबे ने कहा अमलीडीह में जमीन प्रकरण गरमाया हुआ है। उल्टे आरोप यह लगाया जा रहा है कि अमलीडीह की जमीन कांग्रेस की सरकार ने दी थी। यदि यह वह जमीन कांग्रेस सरकार ने दी भी तो कालेज बनाने के लिए दी, न कि बिल्डर को। बेशकीमत जमीन अब बिल्डर को थमा दी गई है।



### ये रहे शामिल

कलेक्टर से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल में महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सहदेव व्यवहार, जितेन्द्र अग्रवाल, पार्षद उत्तम साहू, बीरेन्द्र देवांगन, धनेश बंजारे पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, डॉ. अन्नूराम साहू, हेमंत साहू शामिल थे।

कांग्रेसी पार्षदों ने कहा 7 हजार वर्गफीट तक की जमीन देने का अधिकार कलेक्टर के पास है। उससे अधिक की जमीन का आवंटन 5 लोगों की कमेटी के बैठक में निर्णय के बाद ही होता है। उस कमेटी में राजस्व मंत्री, राजस्व विभाग के सचिव व अन्य अधिकारी होते हैं।

# तलाक बिना दूसरी महिला के साथ रहने लगा, पति ने कान पकड़कर मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पत्नी से तलाक हुए बिना पति दूसरी महिला के साथ रहने लगा था। इस प्रकरण में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने सुनवाई करते हुए पति से कान पकड़कर माफी मंगवाई, वहीं दूसरी महिला को भी सुधरने का अवसर देते हुए उसे दो महीने के लिए नारी निकेतन भेजने का आदेश सुनाया। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया, लक्ष्मी वर्मा, ओजस्वी मंडावी एवं दीपिका शोरी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक प्रकरण में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ केस किया था कि वह उसे तलाक लिए बिना किसी दूसरी महिला के साथ रह रहा है। सुनवाई के दौरान उसके पति ने भी इस आरोप को स्वीकार किया। इस पर आयोग ने सबसे पहले आरोपी पति को कान पकड़कर माफी मंगवाई और दूसरी महिला के पास घर नहीं होने तथा सुधरने का मौका देकर दो महीने के लिए नारी निकेतन भेजने का निर्णय सुनाया।

- ग्रामीण इलाकों में दो दर्जन जन औषधि केंद्र का संचालन, कई क्षेत्रों के लिए आवेदन



### ठगी मामले में एफआईआर करने के निर्देश

*अन्य प्रकरण में आयोग ने एक महिला से एक लाख रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपी के विरुद्ध एफआईआर करने के निर्देश दिए है। महिला ने आयोग को बताया कि वर्ष 2018 में उसने आरोपी को एक लाख रुपए उधार दिए थे, जिसे वह वापस लौटा नहीं रहा है। उधार दिए पैसों का लिखित में दोनों पक्ष के बीच इकरारनामा में भी हुआ था, जिसमें आरोपी के हस्ताक्षर भी है। इकरारनामा पेश करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने एक लाख रुपए लिए है। आरोपी के स्वीकार करने पर आयोग ने महिला से कहा कि वह इस मामले में आरोपी के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज करवाए।*

## खबर संक्षेप

### अनिल स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सचिव मनोनीत

**बालोद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा ने प्रांतीय



पदाधिकारी का मनोनयन किया है। जिसमें जिला बालोद से वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र गुरूर के अनिल कुमार सिन्हा को पुनः प्रदेश सचिव बनाया गया है। प्रांतीय सचिव का पद लेने हेतु कार्यक्रम कलेक्टर सभाकक्ष मे आयोजित परामर्श दात्री के बैठक मे उपस्थित होकर स्वास्थ कर्मचारी संघ जिला बालोद की ओर से 6 बिन्दुओं पर मांग पत्र सौंपा। जिसमें मुख्यतः स्वास्थ कर्मचारियों, अधिकारियों से आये दिन हो रही मारपीट की घटना पर ध्यान आकर्षित किया। कर्मचारियों को समय पर समयमान वेतन का लाभ दिए जाने की मांग कलेक्टर के समक्ष रखा गया। कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों को शासन द्वारा प्राप्त श्रम सम्मान राशि की स्वीकृति अतिशीघ्र प्रदान करने अपना पक्ष रखा। सभी स्वास्थ केन्द्रों में कार्यरत जीवनदीप समिति के कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी कलेक्टर दर पर भुगतान किये जाने की मांग कलेक्टर के समक्ष रखी। वर्तमान में 2500 रुपए से 4000 रुपए तक प्रतिमाह राशि मजदूरी मे कार्य कर जीवनयापन कर रहे हैं।

### कार्बन उत्सर्जन कम करने से होंगे कई लाभ

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग के सहयोग से रिफ्रेक्टरी इंजीनियरिंग विभाग (आरईडी) द्वारा आरईडी क्रान्फ्रेंस हाल में सेल पर्यावरण नीति और बीएसपी द्वारा पहल सेल एनवायरमेंट पलिसी एंड इनिसिएटिव बाई बीएसपी पर सत्र आयोजित किया गया। आरईडी में चल रहे पर्यावरण जागरूकता माह के अंतर्गत आयोजित सत्र में आरईडी के सभी अनुभागों के अधिकारी कार्मिक और संविदा कर्मचारियों ने भाग लिया।सहायक महाप्रबंधक अमित राय ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा निर्धारित हमारी भूमि हमारा भविष्य'' थीम पर आयाजित गतिविधियों की जानकारी दी। उप महाप्रबंधकसतीश कुमार अग्रवाल ने साइकिल के उपयोग और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में पर्यावरणीय लाभ और भूमिका पर प्रस्तुति दी। वरिष्ठ प्रबंधक मोहित कुमार ने अपने विस्तृत प्रस्तुतिकरण में कोक ओवन बैटरी नंबर 11, ब्लास्ट फर्नेस नंबर 8, एसएमएस व यूआरएम जल प्रबंधन आदि इकाइयों के माध्यम से बीएसपी द्वारा की गई। विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला।

## निधन

### छन्नूराम कल्याणी



**बालोद।** ग्राम पीपरछेड़ी निवासी छन्नूराम कल्याणी का आज निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे दुकाला बाई कल्याणी के पति, मानसिंह कल्याणी, जालम, धुव, कल्याणी के पिता थे।

## गुहार: पीड़ित महिलाएं पहुंची विधायक के पास, संगीता ने एसपी से की बात

# ठगी की शिकार महिलाओं ने कहा, बैंक कर्मी लोन देने घंटों बैठे रहते थे घर में, वसूली के लिए अब बच्चों को ले जाने की दे रहे धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

महिलाओं के माध्यम से बैंक से ऋण लेकर ठगी करने के मामले में गुरुवार को जिले के डौण्डीलोहारा, गुण्डरदेही, बालोद गुरूर क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं विधायक संगीता सिन्हा के पास विधायक कार्यालय गुरूर पहुंची। विधायक को अपनी व्यथा बताई। मामले में विधायक ने पुलिस अधीक्षक से बात कर पीड़ित महिलाओं के आवेदनों पर तत्काल अपराध कायम करने की बात कही। महिलाओं के बताए अनुसार बैंक की भूमिका भी संदेह के दायरे में है।

■ आवेदनों पर अपराध दर्ज किया जाए

मामले में महिलाओं ने बताया कि जब उन्हें ऋण देने की बात आई तब संबंधित आरोपी एवं बैंक के कर्मचारियों ने बड़े सब्जबाग दिखाए थे। उन्हें कहा गया था कि हम आपके पैसों को ऐसी जगह लगाएंगे जहां उन्हें कम समय में अधिक लाभ होगा। महिलाओं ने बताया कि उस दौरान बैंक के कर्मचारी ही उनके घरो में आकर ऋण स्वीकृत कर रहे थे। ऋण देने के दौरान कई बैंकों ने एक ही महिला के नाम से ऋण स्वीकृत किया। इस दौरान कोई जांच पड़ताल एवं कागजी कार्रवाई नहीं करवाई गई। उस समय बैंक के कर्मचारियों ने भी आरोपियों की तरह ही उन्हें सब्जबाग दिखाया था। ऋण की राशि को संबंधित आरोपियों को देने की बात कही थी। महिलाओं ने कहा आरोपियो के साथ बैंक के कर्मचारियो के कहने से हमें उन पर विश्वास हो गया था। हमने इसलिए बैंक से ऋण लिया। दस्तखत हमसे लेकर बैंक वालों ने सहमति के बाद पूरी राशि संबंधित आरोपियों को दिया था।



### मानसिक व आर्थिक यंत्रणा झेल रहे हैं महिलाएं

महिलाओं ने बताया कि जब आरोपियों ने किश्त जमा नहीं की तो बैंक के कर्मचारी बीते दो माह से लगातार हम पर ऋण की राशि जमा करने के लिए दबाव बना रहे हैं। अब तो बैंक के लोग सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक हमारे घर पर बैठे रहते हैं। मकान को ताला लगाने, घर के बच्चों का उठाकर ले जाने की धमकी दे रहे हैं। जिससे बीते दो माह से हम काम पर नहीं जा पा रहे हैं। मानसिक एवं आर्थिक यंत्रणा झेल रहे है। कुछ महिलाओं ने बताया कि जब बैंक के लोगों ने हमारे घर के बच्चों को उठाकर ले जाने, घर में ताला लगाने, घर को नीलाम करने जैसी धमकी देने लगे तो हमने अपने गहना बेचकर ऋण की राशि पटाई है।

### हमारे हस्तक्षेप के बाद पुलिस अपराध कायम कर रहीः सिन्हा

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि मामले में हमारे हस्तक्षेप के बाद ही पुलिस विभाग अपराध कायम कर रहा है, यह दुर्भाग्यजनक है। भाजपा शासन में पुलिस संवेदनहीन हो चुकी है। महिलाओ ने जो बताया उस आधार पर ऐसा लगता है कि आरोपियों ने बैक के साथ सांठगांठ कर महिलाओं से ठगी की है। इस मामले मे उच्च स्तरीय जांच समिति बनाकर सभी बिन्दुओं पर जांच करने की आवश्यकता है। विधयक संगीता सिन्हा ने कहा, प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से भी इस प्रकार की ठगी की शिकायतें सामने आ रहीं हैं। अब तक जो जानकारियां मुझ तक पहुंची है, उसके हिसाब यह ठगी का मामला 100 करोड़ से ऊपर का दिख रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन को इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित कार्य करें, जिससे पीड़ित महिलाएं बिना डर, भय के चिन्तामुक्त होकर जीवनयापन कर सकें।



# एसबीआई साइबर जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर एसडीओपी ने किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्थानीय पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा के सौजन्य से बढ़ते साइबर अपराध की रोकथाम के लिए एसबीआई साइबर जागरुकता रथ को एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, डीएसपी बोनीफास एक्का, शाखा प्रबंधक एसबीआई, जोनलअधिकारी एसबीआई थाना प्रभारी कोतवाली रविशंकर पांडे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साइबर जागरूकता रथ (ऑडियो विजुअल वेन) शहर में भ्रमण करते हुए मुख्य स्थानों पर नुक्कड़ नाटक एवं ऑडियो विजुअल के माध्यम से आमजनों को साइबर जागरुकता संबंधी जानकारी प्रदान की गई। एसडीओपी द्वारा अनजान नंबरों से फोन आने पर किसी भी प्रकार की जानकारी साझा ना करें, ओटीपी या एमपिन किसी को ना बताएं। मोबाइल पर आई कोई भी लिंक ओपन ना करें एवं अनेक प्रकार की साइबर जागरुकता संबंधी जानकारी का प्रचार प्रसार किया गया।





# पुरुषार्थ करने की सीख और मोक्ष पथ पर चलने के प्रेरणा मिलती है गीता में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

गीता जयंती श्रीमद् भागवत गीता भेंट कर मनाई गई। राकेश देवांगन द्वारा लोक कल्याणकारी कार्यों में तत्पर रहने वाले पर्यावरण प्रेमी केशव राम साहू को श्रीमद् गीता भागवत गीता भेंट की गई।

■ संस्कार केन्द्र स्थापना पर विचार किया गया

ग्रंथ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए केशव राम साहू ने कहा कि जिस देश की न्यायालय में सत्य वचन की शपथ लेने गीता का सहारा लिया जाता है। वहीं पुरुषार्थ करने की सीख इस गीता में सन्निहित है, आत्मा की मोक्ष का मार्ग इससे प्रशस्त होता है, गीता का उपदेश कुरुक्षेत्र में श्री कृष्ण ने अर्जुन को सुनाया था। किंतु वर्तमान स्थिति में हमारे संत समाज, बुजुर्ग गण एवं गुरु, माता–पिता द्वारा दिए जाने वाला ज्ञान गीता उपदेश की तरह समाज को स्वच्छ बनाए रखने एवं पवित्र कर्म करने के लिए प्रेरित करता है।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सुरेश सोनी, जलज ताम्रकार, तुषार कुमार, श्यामलाल साहू, कमलेश सिंह, अंजना स्वर्णकार एवं स्वदेशी विचारधारा तथा गौ प्रेमी लोग उपस्थित रहे। सभी ने गीता लोक पठन के लिए जन सहयोग से संस्कार केन्द्र स्थापना पर विचार किया गया। ताकि छोटे छोटे नौनिहाल बच्चों को श्लोक पठन कराया जा सके।

## सेवा के 20 साल पूरे होने पर बच्चों को शिक्षक ने कराया न्योता भोज...

**डौडीलोहारा।** शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में लोकेश्वर सिंह निषाद शिक्षक अपनी सेवा के चालीस वर्ष पूर्ण होने पर छात्रों को न्योता भोज कराया। जिसके अंतर्गत केला और सोन पापड़ी पूरक पोषण आहार के रूप में वितरित किया गया। संस्था प्रमुख कमल कुमार आलेंद्र ने आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर मनोज कुमार देवांगन , लिखमी चंद सार्वा, सातो धनकर, वंदना साहू ने निषाद सर को बधाई देते हुए शेष सेवाकाल सफलतापूर्वक पूर्ण करने का कामना प्रकट किया। संचालन लक्ष्मी चंद सोनवानी एवं आभार प्रदर्शन हरीश सिन्हा ने किया।



### छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन को मिली मान्यता

**डौंडीलोहारा** । छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू



ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रशासकीय स्वीकृति से छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन को मान्यता का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। गौरतलब है कि अविभाजित मध्यप्रदेश में 1982 से संगठन के पदाधिकारियों का बोलबाला रहा है। वर्ष 2013 में छत्तीसगढ़ फर्म्स एवं संस्थाएं से नवीन पंजीयन के बाद से स्कूल/ट्राइबल शिक्षा विभाग एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के शिक्षक संवर्गों के अधिकार का आवाज बुलंद करते रहा है। राज्य शासन के नियमानुसार प्रतिवर्ष सदस्यों की जानकारी छत्तीसगढ़ सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा-27 में पदाधिकारियों की प्रमाणित सूची तथा ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी धारा-28 प्रस्तुत किया है। छत्तीसगढ़ शासन ने वर्ष 2019 एवं 2022 को मान्यता दी थी।

विज्ञान प्रदर्शनी में फायर फायटर रोबोट का मॉडल किया प्रस्तुत

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव में लक्ष्य को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जिला स्तरीय युवा महोत्सव में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय डौंडीलोहारा के छात्र लक्ष्य कुमार कक्षा ग्यारहवी को विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल फायर फायटर रोबोट के लिए द्वितीय पुरस्कार मिला ।

लक्ष्य ने रोबोट के बारे में बताया कि यह ब्लूटूथ से कनेक्ट होता है। इसमें पानी के लिये पाइप लगे हुये हैं । यदि अचानक आग लग जाए जहाँ किसी भी व्यक्ति का पहुचना संभव ना हो वहाँ रोबोट की सहायता से आसानी से आग पर नियंत्रण किया जा सकता है। साथ ही रोबोट द्वारा पेड़ पौधों को भी पानी दिया जा सकता है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डी.आर. देवहरे ने छात्र की सराहना की। इस अवसर पर मार्गदर्शक शिक्षक किरण ठाकुर, श्रीमती जामवंते, श्रीमती नायक, किरण देवांगन एवं मंजू ताम्रकार आदि उपस्थित रहे।



## जिन कामों का भूमिपूजन हुआ, वो वर्षों की थी मांग : पुष्पेंद्र

# चिचबोड़ में जिपं सदस्य ने दी विकास कार्यों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिचबोड़ में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अनेक विकास कार्यों की सौगात दी। पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में सतनाम भवन संधारण एक लाख रुपए, बोरखनन एक लाख रुपए, कलामंच में टीना शेड निर्माण 50 हजार तथा पटेल भवन के सामने नाली निर्माण 50 हजार रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।

क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए गरीब, मजदूर और किसानों तक केन्द्र और राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन हुआ उनकी वर्षों से मांग की जा रही थी, जो आज पूरी हुई है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कार्यक्रम में सरपंच हीराधर मेश्राम, रोहित देवांगन, पालूराम टंडन, चुरामन सिंह पटेल, कमलनारायण साहू, भागवत देवांगन, गोविंद राम, प्रभुराम निर्मलकर, भोजराम मटियाल, बाबूलाल, कुशलराम आदि सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान गांव के सतनामी समाज के प्रमुखजनों ने 25 दिसम्बर को बाबा घासीदास जी के जयंती के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य को आमंत्रित किया जिसे उन्होंने स्वीकार किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हर्ष और टिकेश्वर ने किया रक्तदान

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में एडमिट गंभीर मरीज पार्वती साहू डिलीवरी वार्ड और कन्हैया दास मेल मेडिकल वार्ड दोनों को ए नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी। ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि रक्तदाता हर्ष सोनी और टिकेश्वर साहू द्वारा ए नेगेटिव ब्लड दिया गया। डिलीवरी वार्ड में एडमिट इंद्राणी के लिए दो यूनिट एबी नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी, तो गोपाल गुप्ता द्वारा 104 बार एबी नेगेटिव और देवेश द्वारा 11वीं बार एबी नेगेटिव ब्लड दिया। नवदृष्टि फाउंडेशन के संस्थापक राज अड़तीया द्वारा रक्तदाता उपलब्ध कराकर जान बचाई गयी। रक्तदान के समय रक्त कोष अधिकारी डॉ पीयूष श्रीवास्तव, काउंसलर टीएस एंथोनी, स्टाफ नर्स तरूणा रावत, लैब इंचार्ज रूपेश सरपे, सीनियर लैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर, मधुसूदन, कुसुम चंद्राकर, अटेंडेंट कौशल, हिमांशु चंद्राकर, माला, प्रशिक्षणार्थी वर्षा, मानसी, रूचि, धानेश्वरी उपस्थित थे।

### विश्व एड्स दिवस पर मनाया पखवाड़ा

**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा के दिषा निर्देश एवं रेड रिबन क्लब नोडल अधिकारी फरहा परवीन सिद्दीकी के नेतृत्व में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा मनाया गया। पखवाड़ा के अंतर्गत एचआईव्ही, एड्स विषय पर जनजागरूकता हेतु 9 दिसंबर को रंगोली, भाषण, कोलाज एंव पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम जूही सोनी, द्वितीय ललिता साहू, तृतीय आदित्य घोषित किये गये। भाषण में पूनम प्रथम, मीता द्वितीय, राहुल एवं सुमन तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज प्रतियोगिता में प्रथम चन्द्ररेणु, द्वितीय पूनम एंव तृतीय स्थान पर जूही रही। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने एड्स विषय पर जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाये जिसे महाविद्यालय में प्रदर्शित किया गया। 10 दिसंबर को एचआईव्ही, एड्स महामारी के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के लिए छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

### डिप्टी सीएम के काफिले में घुसी नीली बत्ती कार चालक गिरफ्तार

**भिलाई।** डिप्टी सीएम अरुण साव के काफिले में अचानक फर्जी नीली बत्ती वाहन चालक अचानक आ गया। ट्रैफिक पुलिस ने रोक कर कार्रवाई की है। मिली जानकारी के मुताबिक डिप्टी सीएम अरुण साव मंगलवार को दुर्ग जिले की जामुल नगर पालिका में विकास कार्यों का उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। डिप्टी सीएम इससे पहले बालोद जिले के राजाराव पठार मेला आयोजन में शामिल हुए। उसके बाद भिलाई जामुल पहुंचे। उनका काफिला जब बालोद से निकला तो रास्ते में अचानक नीली बत्ती लगी इनोवा कार काफिले के साथ चलने लगी।

## अव्यवस्था : संग्रहण केंद्रों में व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण कई लोड वाहन खड़े

# 40 से अधिक समितियों में एक भी बोरे का परिवहन नहीं जगह नहीं होने के कारण धान खरीदी बंद होने की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे धान खरीरी प्रारंभ हुए एक माह होने को है लेकिन समितियों द्वारा खरीदे गए धान का परिवहन नहीं होने के कारण कई जगहों पर खरीदी बंद की स्थिति पैदा हो गई है। जिससे किसानों के साथ समिति प्रबंधकों को कई दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।

■ किसानों के साथ ही समिति प्रबंधक भी हो रहे परेशान

जिले में 143 धान खरीदी केन्द्र हैं जिसमें से 103 धान खरीदी केन्द्रों में परिवहन प्रारंभ हो गया है। लेकिन जिले के 40 धान खरीदी केन्द्रों में अभी भी धान परिवहन प्रारंभ नहीं हो पाया है। जिससे 40 खरीदी केन्द्रों में परिवहन की स्थिति शून्य बनी हुई है। वही 103 धान खरीदी केन्द्र जहां धान परिवहन प्रारंभ हुआ है उसंमे सबसे ज्यादा परिवहन पाररास में 35.40 प्रतिशत, पिरिद में 34.32 प्रतिशत, बालोद 33.21 प्रतिशत हुआ है। वही सबसे कम देवरी मार्री में 2.41 प्रतिशत, पलारी 2.51 प्रतिशत, देवरी 2.56 प्रतिशत का ही परिवहन हो पाया है। धान खरीदी प्रारंभ हुए 29 दिन हो गए है जिसमे से 23 दिनो में समितियो द्वारा धान की खरीदी की गई है। इन 23 दिनों में समितियों द्वारा खरीदे गए धान का उठाव न होने के कारण खरीदी केन्द्रों में धान जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। वही पिछले 9 दिनों से जिले मे धान का परिवहन प्रारंभ किया गया है।

धान संग्रहण केन्द्रों में सही व्यवस्था न होने के कारण किसानों, समितियों के साथ गाड़ी मालिकों को कई दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है। शासन प्रशासन द्वारा धान खरीदी तो प्रारंभ कर दी लेकिन परिवहन की सही व्यवस्था नहीं होने के कारण जिले के कई सोसायटियों में धान खरीदी बंद होने की स्थिति में है। पूर्व में जिले के 4 धान संग्रहण केन्द्रों में धान की गाड़ी लोड हुए खड़ी हुई देखी जा रही थी। लेकिन संग्रहण केन्द्रों के फड़ों में भूसा, कैप कवर की सही व्यवस्था नहीं होने से गाड़ी खाली नहीं हो पा रही थी। जिसके कारण संग्रहण केन्द्रों में गाड़ियां जाम होकर खड़ी हुई थी। ऐसी स्थिति में धान का उठाव नहीं होने के कारण खरीदी प्रभावित हो रही है और धान समितियों में जाम हो रहा है। इससे समितियों में धान खरीदी प्रभावित हो रही है।



### धान खरीदी केंद्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे भाजपाई




**अंडा।** सेवा सहकारी समिति परसदा में धान खरीदी के चलते भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष लेखराम साहू, जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुरराम चंद्राकर साथ-साथ जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष हेमंत साहू, सेवा सहकारी समिति गुरेदा के प्राधिकृत अध्यक्ष कमलेश पांडे, सेवा सहकारी समिति गोरकापार के प्राधिकृत अध्यक्ष तुलेश्वर चंद्राकर, सेवा सहकारी समिति राहूद के प्राधिकृत अध्यक्ष चेतन साहू तथा परसदा के सरपंच व मंडल के उपाध्यक्ष कुलदीप साहू ने खरीदी व उठाव की समीक्षा की। बता दें कि अभी तक समिति में कुल 16974 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है एवं 2170 क्विंटल धान का ही परिवहन हो पाया है। वर्तमान में 14354 क्विंटल धान सोसाइटी में जाम है। यदि उठाव की स्थिति ऐसी ही रही तो जगह के अभाव में समिति में धान खरीदी बंद करना पड़ सकता है। बता दें कि अभी तक 7880 क्विंटल धान की टी ओ जारी किया है, परंतु परिवहन ना के बराबर है।

### शिवसेना ने धान खरीदी केंद्रों में जानी किसानों की परेशानी



**डौंडी।** शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश में धान बेचने में किसानों को हो रही परेशानियों को जानने एवं उन्हें दूर करने धान खरीदी केंद्र में जाकर किसानों से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं को जाना जा रहा है और उन्हें दूर करने शासन, प्रशासन के समक्ष समस्याओं को रख उन्हें दूर कराया जा रहा है। शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा धान खरीदी केंद्र गुदुम का दौरा कर किसानों से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं को जाना गया। गुदुम धान खरीदी केंद्र में देखा गया कि खरीदे गए धान का उठाव, परिवहन नहीं होने के कारण किसानों को नया धान बेचने हेतु जगह की समस्या है। इससे किसानों को धान बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धान खरीदी केंद्र में जगह कम होने से भी किसानों को परेशानी हो रहे हैं एवं धान बेचने आए हुए किसानों हेतु स्वच्छ पेयजल , स्वच्छ प्रशासन की कमी है जिसे भी किसानों को समस्या हो रही है। शिवसेना प्रशासन से मांग करती है कि गुदुम खरीदी केंद्र में खरीदे गए धान का तत्काल उठाव, परिवहन कराया जाए, जिससे जगह साफ हो और नए किसान सुगमता से धान बेच सके। धान खरीदी केंद्र का जगह छोटा होने के कारण भी किसानों को धान बेचने में परेशानी हो रही है। इसी तरह धान खरीदी केंद्र में धान बेचने आए हुए किसानों हेतु स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छ प्रधान की व्यवस्था नहीं है जिसे भी किसानों को परेशानी हो रही है। प्रशासन इन बातों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए किसानों की इन समस्याओं को दूर करें।



## धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था पर भड़के कांग्रेसी



■ विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**डौंडीलोहारा।** नगर के कांग्रेस भवन के समक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानियों सहित विभिन्न मुद्दों पर राज्य शासन को ध्यान आकृष्ट कराने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर किसान विरोधी नीति को लेकर राज्य शासन को आड़े हाथों लिया गया व जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़िया ने कहा कि राज्य शासन को धान खरीदी में बिलकुल भी दिलचस्पी नहीं दिख रही है। सोसायटियों में बोरा नहीं है। किसान हलाकान व परेशान हो रहे हैं।

प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढा ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय किसान अपने को गौरवान्वित महसूस करते थे, पर अब किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था का आलम है। जिपं उपाध्यक्ष मिथलेश नुरेटी व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल प्रजापति ने कहा कि बीजेपी के शासन में भ्रष्टाचार बेरोजगारी व अपराध में नंबर वन बन गया है। जनपद सदस्य राजाराम तारम व माधवगिरी गोस्वामी ने कहा कि सोसायटियों में धान जाम है, परिवहन की व्यवस्था सुस्त है। युंका अध्यक्ष प्रशांत बोकाडे ने कहा कि इस बीजेपी की सरकार से किसान, महिला, युवा व छात्र सभी वर्ग परेशान व हताश है। उन्होंने 13 दिसम्बर को हल्ला बोल कलेक्टोरेट घेराव में सभी साथियों को उपस्थित होने का आह्वान किया। नपं अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ने कहा कि इस शासन ने गौठान व गोबर खरीदी को बंद कर दिया है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही थी व विभिन्न नियमों की आड़ में आवास योजना के हितग्राहियों को परेशान किया जा रहा है। दिलीप बघेल व दामेश्वर देशमुख ने कहा कि यह डबल इंजन की सरकार एक ही साल में फेल हो गई है। इनके अलावा ताराचंद लोढा, गंगाराम देशमुख, भूपेश साहू, झुमुक परसाई, कैलाश बारले, राजेन्द्र निषाद, मेघनाथ साहू, लोकनाथ निषाद, कौशल, वैभव आदि ने भी सभा को संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के बाद रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम एसडीएम शिवनाथ बघेल को धान ख़रीदी केंद्रों में फैली अव्यवस्था व किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा। उक्त अवसर पर हस्तीमल सांखला, ताराचंद लोढा,विद्या शर्मा,गोविंद चंद्राकर ,सजंय गुप्ता, विकास लोढा, हर्षित मोनू लोढा, गुलाब भन्साली, शैलेन्द्र कुमार, हेमलाल प्रजापति, लोकनाथ निषाद, इसाक खान, डगर राम देशमुख, राकेश सांखला, गोपीनारायण साहू, विजय कुमार, आशा देवी टेकाम, चतुर सिंग, योगेंद्र, कल्याण गिरी, डेनियल टेकाम, दयाल राम, बाबूलाल आदि मौजूद थे।

## पेंशनर समाज की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील इकाई गुरुर की मासिक बैठक पेंशनर भवन में जिलाध्यक्ष बालोद जीके साहू के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुई।

पेंशनर समाज तहसील इकाई गुरुर सेवाराम तेजस्वी ने बताया बैठक में सन 2025 का वार्षिक कलेण्डर तैयार हो चुका है, जिसे समय पूर्व सभी साथियों तक पहुंचा दिया जवेगा। सन् 2025 का सदस्यता अंशदान मार्च 2025 तक अपने निकटस्थ पदाधिकारी के पास 200 जमा कर रसीद प्राप्त कर लीजिए। प्रांतीय पेंशनर सम्मेलन बृंदाबन हाल रायपुर में 17 दिसम्बर को एवं जिला स्तरीय पेंशनर दिवस सामुदायिक भवन गुण्डरदेही में आयोजित है, जिसके लिए सभी पेंशनर आमंत्रित हैं। पेंशनर्स चिन्तक पत्रिका के लिए अधिक सदस्य बनाने वार्षिक शुल्क 100 है। तहसील स्तरीय पेंशनर सम्मेलन 9 जनवरी को पेंशनर भवन गुरुर में आयोजित किया जायेगा। गीत, संगीत, कविता, लघु नाटिका, मोनोप्ले, भाषण, नृत्य के माध्यम से दे सकेंगे। अपना नाम व प्रस्तुत किये जाने वाले कार्यक्रम की जानकारी सचिव के पास 30 दिसंबर तक नामांकित कर सकते हैं। पेंशनरों एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए पेंशनरों का सम्मान किया जाएगा। आय कर के सीमा में नहीं आते हैं, फिर भी प्रतिवर्ष आय कर रिटर्न दाखिल कीजिए। 7 लाख वार्षिक आय तक आय कर नहीं लगेगा। कोषाध्यक्ष सम्मेराम यादव द्वारा आय–व्यय विवरण प्रस्तुत किए गए।

नये पेंशनर के रुप में सरजू राम साहू व विजय कुमार मंडावी का अभिनन्दन किया गया। दिवंगत पेंशनर उदयराम साहू को श्रध्दांजलि अर्पित किए गए एवं उनके सुपुत्र का सम्मान किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष बालोद जीके.साहू, उपाध्यक्ष मंतराम राजपुरिया, संरक्षक नेमसिंह साहू ने भी विचार व्यक्त किए।

बैठक में सर्व बीआर.दीवान, एनूराम सोनवानी, अभ्यास राम महंत, खेदूराम साहू, बीएस आर्य, एलएस.साहू, आरडी.साहू, विष्णुराम साहू, नारायण सेन, जेआर.गंगबेर, बीएल .साहू, चन्द्रहास नेवेंद्र, नंदकुमार साहू, चिन्ताराम साहू, भानुशंकर सिंहा, सुखराम सिंह साहू, बोधीराम साहू, चंद्रप्रकाश गंजीर, सम्पतलाल कलिहारी, पंचराम साहू, के.मुरारीदास, हेमनाथ विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन सचिव गांधीराम साहू ने और आभार पूर्व सचिव आरडी साहू ने किया।

## मुढ़िया में गीता जयंती पर निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



कोसरिया राऊत यादव समाज सुरेगांव सर्किल द्वारा गीता जयंती महापर्व का आयोजन मुढ़िया में किया गया। इस दौरान समाज की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। बच्चों ने राधा कृष्ण की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुंवरसिंह निषाद थे। अध्यक्षता जिला यादव समाज के अध्यक्ष चंद्रहास यादव ने की। भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि गीता ही ऐसा ग्रंथ है, जिसकी हर साल जयंती मनाई जाती है। गीता को श्रीमद्भगवद्गीता और गीतोपनिषद के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि गीता के उपदेशों का अनुसरण करने से कठिनाइयों और शंकाओं का निवारण होता है। गीता में श्रीकृष्ण के द्वारा बताए गए उपदेशों पर चलने से व्यक्ति को कठिन से कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। गीता के उपदेश में जीवन को जीने की कला, प्रबंधन और कर्म सब कुछ है। गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। जिला यादव समाज के अध्यक्ष ने कहा कि यादव समाज मेहनतकश समाज है। समाज के लोग गौ पालक है। गौ माता के सेवक और श्री कृष्ण के वंशज है। इस अवसर पर यादव समाज सर्किल अध्यक्ष लखनलाल यादव, जिला सचिव रूपलाल यादव, ओंकार यादव, संतोष यादव, भूपेंद्र यादव, रामेश्वरी यादव, जनपद अध्यक्ष जागृत सोनकर, सरपंच भावना नायक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरीश चंद्राकर, महामंत्री केशव शर्मा, भूपेश नायक, खगेश ठाकुर जनपद सदस्य, टेमन देशमुख जनपद सदस्य, पोषणलाल साहू रूपेश भंडारी, इन्दरमन देशमुख, भंगी राम भुआर्य, जंगलिया यादव, महेश यादव एवं समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। गीता जयंती कार्यक्रम में पंचगहिया कोरिया यादव (रावत) समाज के मनकी,भंडेरा,परसाडीह, मुढ़िया व मुङखुसरा व 35 ग्राम के समाज के लोग पहुंचे थे।

### मोबाइल लूटकर फरार होने वाले गिरफ्त में

**भिलाई।** मोबाइल लूट कर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि वृंदा नगर कैम्प 1 निवासी वासुदेव वर्मा ने सुबह अपने काम से निकला था। इस दौरान भिलाई नर्सिंग होम कांट्रेक्टर कालोनी के पास दो युवक बाइक से पहुंचे और मोबाईल झपटा मारकर लेकर फरार हो गए। संदेही घासीदास नगर जामुल निवासी हेमंत कुर्रे को घेराबंदी कर पकडा गया।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह )

तुरंत आराम के लिए

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय

पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी

(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

## कल ध्रुव चरित, भरत कथा, जड़ भरत चरित, नृसिंह अवतार, प्रहलाद चरित का वर्णन

# ओडारसकरी में श्रीमद्भागवत कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम ओडारसकरी में इन दिनों श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह जारी है। स्व. भारत लाल देशमुख एवं स्व. कस्तूरबा बाई देशमुख की पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। व्यासपीठ पर भगवताचार्य - संत निरंजन महराज, परायणकर्ता परमेश्वर तिवारी है।

कथा 18 दिसम्बर चलेगी। 17 दिसंबर के शाम को राजहंस मानस परिवार सोन साय टोला का कार्यक्रम रखा गया है। शुक्रवार ध्रुव चरित्र, भरत कथा, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र, 14 दिसम्बर शनिवार को गजेन्द्र मोक्ष, सागर मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार, राजा बलि प्रसंग, 15 को श्री कृष्ण जन्म महोत्सव, पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी, 16 को वृन्दावन लीला, मथुरागमन, कंसवध, श्री रूखमणी मंगल कथा वर्णन, 17 को सुदामा चरित्र, द्वारिका लीला भाव, यदुवंश क्षय, परीक्षित मोक्ष पश्चात



भगवान श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पण (चढ़ौत्री) और 18 दिसम्बर को गीतासार, हवन-पूर्णाहूति, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा स्नान होगा।

भागवत कथा में बता रहे हैं, कल युग को दंड, परीक्षित को श्राप, श्री शुकदेव का घर आगमन के बारे में बता रहे हैं। कथाकार ने बताया कि जंगल में राजा परीक्षित की मुलाकात कलियुग से होती है। दोनों के बीच संवाद होता है। परीक्षित कहते हैं कि तुम मेरे राज्य में नहीं रह सकते, मैं तुम्हारा नाश कर दूंगा। कलियुग समझाता है कि राजन! आपका वचन भी रह जाए और मेरा कार्य भी अतः आप मुझे वह स्थान बताएं जहां में शरण में रह सकूं।

फिर उस दिन परीक्षित शिकार के लिए बहुत भटके, लेकिन कहीं शिकार नहीं मिला। अंत में वे प्यास बुझाने के लिए भटकते हुए ऋषि शमिक के आश्रम में पहुंच जाते हैं, जहां ऋषि समाधी में लीन मिलते हैं। राजा ने ऋषि से कहा कि हमें प्यास लगी है हमें पानी चाहिए, लेकिन ऋषि तो समाधी में थे। राजा परीक्षित ने कई बार ऋषि से पानी मांगा, लेकिन ऋषि ने कोई जवाब नहीं दिया। उस वक्त राजा के मुकुट में कलियुग बैठा था, राजा को क्रोध आया और उन्होंने उनका वध करने के लिए धनुष पर बाण चढ़ा दिया, लेकिन संस्कारवश उन्होंने खुद को ऋषि की हत्या करने से रोक लिया। तब उन्होंने वहां मरे पड़े एक सांप को महर्षि शमिक के गले में डाल दिया और वहां से चले गए।

One Way Taxi

अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —

CUSTOMER CARE NO.:7377511511